भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2114

जिसका उत्तर दिनांक 22 अगस्त, 2013 को दिया जाना है।

भेल में कर्मचारी

2114. श्री हरि मांझी:

श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तराखण्ड में हरिद्वार के निकट रानीपुर में भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या कितनी है;

(ख) विगत तीन वर्षों –2010-11, 2011-12 और 2012-13 के प्रत्येक वर्ष के दौरान विभाग-वार नियुक्त कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है;

(ग) इस समय भेल में कर्मचारियों के चयन हेतु क्या प्रक्रिया है; और

(घ) उपरोक्त वर्षों के दौरान कर्मचारियों हेतु चयन प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री

(श्री प्रफुल पटेल)

(क) 30.06.2013 की स्थिति के अनुसार उत्तराखण्ड में हरिद्वार के निकट रानीपुर में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या 6,768 है।

(ख) ब्यौरा **अनुबंध** पर दिया गया है।

(ग) और (घ) बीएचईएल लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के कार्यालय ज्ञापन सं.24(11)/96 (जीएल-010)/ जीएम दिनांक 02.11.1998 के अनुसार अन्य के साथ-साथ अग्रणी राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों/ रोजगार समाचार आदि में रिक्तियों के विज्ञापन (खुले विज्ञापन) को उपयुक्त और विस्तृत रूप से प्रकाशित करके तथा उक्त विज्ञापन को अपनी वेबसाइटों पर भी प्रसारित करके उम्मीदवारों की भर्ती करता है। चयन विज्ञापनों में परिभाषित चयन प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए किया जाता है। चयन प्रक्रिया में सामान्यत: लिखित परीक्षा और/या व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल होता है। इसके अतिरिक्त, बीएचईएल भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार आरक्षण पर लागू नीति का पालन भी करता है। इसके अतिरिक्त, रोजगार के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं के कारण मृत कर्मचारियों के आश्रितों को रोजगार प्रदान करने के लिए विशेष नीति भी है।

2010-11 से 2012-13 की अवधि के दौरान, वर्ष 2010-11 में, प्रतिष्ठित महाविद्यालयों/ संस्थानों जैसे आईआईटी, एनआईटी, आईसीएआई, आईसीडब्ल्यूएआई आदि से कैंपस चयन के माध्यम से कुछ इंजीनियर, प्रबंधन स्नातक और वित्तीय पेशेवरों की सीधी भर्ती भी की गई थी।

*****

अनुबंध

2010-11, 2011-12 और 2012-13 के दौरान उत्तराखण्ड में हरिद्वार के निकट रानीपुर में बीएचईएल संयंत्रों में भर्ती किए गए कर्मचारियों का विभागवार आबंटन निम्नवत है :-

क. हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट प्लांट (एचईईपी)

विभाग/ कार्य	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**
केन्द्रीय योजना, योजना और विकास	1	4	1
इंजीनियरिंग और वाणिज्यिक समन्वय	10	4	13
इलेक्ट्रिकल मशीन	156	180	25
इंजीनियरिंग और आरपीडी	42	49	9
फैब्रिकेशन और वेल्डिंग प्रौद्योगिकी	74	71	18
वित्त और आंतरिक लेखा परीक्षा	5	1	0
मानव संसाधन	12	20	9
सूचना प्रौद्योगिकी	4	4	1
लॉजिस्टिक्स	1	0	4
चिकित्सा सेवाएं	0	23	9
सामग्री प्रबंधन	11	4	5
पीसीआरआई	1	1	2
गुणवत्ता और व्यवसाय उत्कृष्टता	32	50	13
टरबाइन और रक्षा परियोजनाएं	193	250	24
वर्क्स इंजीनियरिंग और सेवाएं	36	52	16
कुल	**578**	**713**	**149**

ख. सेन्ट्रल फाउण्ड्री फोर्ज प्लांट (सीएफएफपी)

विभाग/ कार्य	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**
उत्पादन	42	68	9
रखरखाव	14	37	6
गुणवत्ता	1	6	1
सामग्री प्रबंधन	1	4	0
वाणिज्यिक, पीएण्डडी, एमएसएक्स	2	0	0
फाउण्ड्री प्रौद्योगिकी	0	1	0
मानव संसाधन	1	2	1
वित्त	1	4	2
कुल	**62**	**122**	**19**